तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 डीजे और कलेक्टर ने किया जिला जेल का निरीक्षण




## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि कल तक

**मनेन्द्रगढ़।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया एक बार फिर प्रारंभ कर दी गई है, जिसके अंतर्गत इच्छुक अभ्यर्थी 21 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 सितंबर की रात 11:59 बजे तक निर्धारित की गई है और आवेदन केवल अधिकृत वेबसाइट के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

### श्रमदान और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में स्वच्छता ही सेवा और स्वच्छोत्सव अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष पखवाड़े के लिए विभागवार कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। इस अभियान को तीन प्रमुख बिंदुओं पर केन्द्रित किया गया है।

### कॉलेज में सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ

**अनूपपुर।** शासकीय महाविद्यालय जैतहरी में राष्टीय सेवा योजना इकाई द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.संगीता उइके ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ मन और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर राष्टीय सेवा योजना इकाई की महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खुशबू खान ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान के रूपरेखा के बारे में जानकारी दी।

### सोना-चांदी के आभूषण समेत नगदी जब्त, कोरिया पुलिस ने किया खुलासा

# कॉलरी कर्मी के घर चोरी, मामले में चार गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी



एसईसीएल कर्मचारी के क्वार्टर से लाखों की चोरी

सीसीटीवी में कैद हुआ संदिग्ध।

खुली आलमारी।

हरिभूमि में प्रकाशित घटना की खबर।

**बैकुंठपुर/चरचा कॉलरी।** जिले की चरचा थाना पुलिस ने चोरी की एक बड़ी वारदात का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए सोना-चांदी के जेवर और नगदी रकम बरामद कर ली है। प्रार्थी एसईसीएल कॉलरीकर्मी कुमार गौरव सिंह पिता स्व.भवन सिंह उम्र 28 वर्ष निवासी विवेकानंद कॉलोनी चरचा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 सितंबर की रात ड्यूटी पर जाने के दौरान उसके क्वार्टर का ताला तोड़कर आलमारी से सोने-चांदी के आभूषण और नगद रकम चोरी कर ली गई। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 96,000 आंकी गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी विकास राजवाड़े को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसने साथी आदित्य कुमार केसाथ चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया। पूछताछ में सामने आया कि चोरी के जेवर टीना दफाई (रानी गोयन) को दिए गए थे तथा सोना क्रेता मनोजीत पाल (हल्दीबाड़ी, चिरमिरी) को बेचा गया था। आरोपी मनोजीत पाल से 17 ग्राम गलाया हुआ सोना कीमत लगभग 1.5 लाख बरामद किया। आरोपी विकास व आदित्य से 1,900 रूपए नगद, चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल पल्सर समेत लोहे के सामान जब्त किए गए हैं। 19 सितंबर को आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का शेष पेज 4 पर

### चोरी का जेवर खरीदने वाला गिरफ्तार

इस चोरी के मामले में जेवर खरीदने वाले व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपी मनोजित पाल निवासी हल्दीबाड़ी चिरमिरी के पास से खरीदे गए चोरी के ज्वेलरी करीब 17 ग्राम अनुमानित कीमत डेढ़ लाख रूपए को बरामद किया गया है। संबंधित आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



## ट्रैक्टर और कार में भिड़ंत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- रामपुर स्थित नजीर पेट्रोल पंप के पास हादसा

शहर के नजीर अजहर पेट्रोल पंप के समीप गुरूवार की रात्रि सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर से एक कार तेज रफ्तार से भीड़ गई।

इस घटना में कार सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना सिटी कोतवाली को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल कार सवार को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के लिए रिफर कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रकेया निवासी विनोद कुमार कुजूर उम्र 40 वर्ष गुरूवार की रात्रि में अपनी कार क्रमांक एमपी 18 सी 9906 से पण्डोपारा कॉलरी शेष पेज 4 पर

## सीएमडी से मिले विधायक राजवाड़े

- कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा

**बैकुण्ठपुर।** क्षेत्र के विकास एवं जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने बिलासपुर में दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हरीश दुहन से मुलाकात की।



इस दौरान विधायक ने स्वास्थ्य सुविधा, सड़क निर्माण एवं अन्य विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में विधायक श्री राजवाड़े ने सबसे पहले क्षेत्र में लंबे समय से लंबित स्वास्थ्य सुविधा से जुड़ी मांग एमआरआई मशीन की स्थापना पर जोर दिया। क्षेत्र में एमआरआई मशीन के नहीं होने से लोगों को आर्थिक और समय की बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि क्षेत्रीय अस्पताल में एमआरआई मशीन उपलब्ध हो जाती है, तो लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और गंभीर रोगों का समय रहते निदान संभव होगा, इसके अलावा विधायक ने चरचा से कटगोड़ी को जोड़ने वाले थींनजेन मार्ग के निर्माण की भी मांग रखी। उन्होंने कहा कि इस मार्ग का निर्माण होने से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि आसपास के गांवों के लोगों को शेष पेज 4 पर

### सामूहिक स्वच्छता अभियान का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर में शुक्रवार को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत भव्य सामूहिक स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों से लेकर विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम में एकलव्य विद्यालय जमथान के छात्र-छात्राओं, स्काउट-गाइड के बच्चों के साथ जपं अध्यक्ष माया प्रताप, उपाध्यक्ष हीरा लाल मौर्य, नपा अध्यक्ष कौशल पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष निलेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष पवन शुक्ला, नरेश यादव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मो. इस्माइल खान, मंडल संयोजक संजय पटेल, प्राचार्य राजेश शर्मा, सच्चिदानंद साहू, स्काउट प्रभारी उपेन्द्र सिंह, शिक्षिका रश्मि रानी गुप्ता, संकुल समन्वयक, शिक्षक एवं बच्चों ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

## राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका ने कराया न्यौता भोज



**बैकुण्ठपुर।** शिक्षक दिवस के दिन राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित जेल शिक्षिका श्रीमती विवेक सिद्दकी 16 सितंबर को पुलिस लाइन स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को न्यौता भोज कराया गया।

उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं शिक्षक शामिल हुए। मिली जानकारी के अनुसार जिला जेल बैकुंठपुर में बतौर शिक्षिका पदस्थ शहर निवासी श्रीमती विवेक सिद्दकी को उल्लेखनीय कार्य करने पर शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस पर श्रीमती सिद्दकी ने बीते दिनों पुलिस लाइन स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों को न्यौता भोज कराया गया। इसमें विद्यार्थियों को दोपहर के समय विभिन्न शेष पेज 4 पर





98931 13444/ 98931 28333

New Town Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur ( C.G.)

Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in



# प्रभास की फौजी में अभिषेक की एंट्री!

**मुंबई।** तेलुगू सिनेमा के पैन इंडिया सुपरस्टार प्रभास की फिल्म फौजी को एक नई जानकारी आई है। चर्चा है कि डायरेक्टर हनु राघवपुडी की यह एक्शन-ड्रामा फिल्म अब और भी रोमांचक होने वाली है, क्योंकि इसमें अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। प्रभास इन दिनों फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। खबर है कि जल्द ही अभिषेक भी उनके साथ शामिल होंगे। हालांकि, फिल्म से अभिषेक के जुड़ने को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। अभिषेक बच्चन और प्रभास फौजी में स्क्रीन शेयर करते नजर आने वाले हैं। हनु राघवपुडी ने अभिषेक बच्चन से एक अहम भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया है।

## लाइफ Style



# दीपिका

## कल्कि 2898 एडी के सीक्वल से हुईं बाहर

एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म ए22 x ए6 के चलते चर्चाओं में बनी दीपिका पादुकोण को लेकर अब एक बड़ी खबर सामने आ रही है। संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट से काम के घंटों और फीस को लेकर बाहर होने वाली दीपिका अब एक और बड़ी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी'के सीक्वल से भी बाहर हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस बात की जानकारी खुद मेकर्स ने सोशल मीडिया पर साझा की है। गुरुवार को वैजयंती मूवीज ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक बयान के जरिए इस बात की घोषणा की कि दीपिका पादुकोण अब कल्कि के सीक्वल का हिस्सा नहीं हैं। इस पोस्ट में लिखा गया, यह आधिकारिक तौर पर घोषणा की जाती है कि दीपिका पादुकोण 'कल्कि 2898एडी' के आगामी सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी। काफी विचार-विमर्श के बाद हमने अलग होने का फैसला किया है। पहली फिल्म बनाने के लंबे सफर के बावजूद, हम साझेदारी नहीं कर पाए। कल्कि 2898एडी जैसी फिल्म उस प्रतिबद्धता और उससे भी कहीं अधिक की हकदार है। हम उनके भविष्य के काम के लिए शुभकामनाएं देते हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण ने गर्भवती महिला सुमति का किरदार निभाया था। फिल्म में उनके होने वाले बेटे को ही कल्कि अवतार के तौर पर दिखाया जा रहा है। फैंस को दीपिका का किरदार काफी पसंद आया था और उनके अभिनय की भी तारीफ हुई थी। अब कल्कि के सीक्वल से दीपिका पादुकोण के अचानक बाहर किए जाने से उनके फैंस हैरान हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# रोमांटिक ड्रामा सीरीज की हुई एंडिंग

**लॉस एंजिल्स।** तीन सीजन तक दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अमेरिकन रोमांटिक ड्रामा सीरीज 'द समर आई टर्न्ड प्रिटी' आखिरकार अपने आखिरी एपिसोड तक पहुंच गई। ग्यारहवें एपिसोड के साथ ही ना सिर्फ कहानी का द एंड हुआ, बल्कि एक हैप्पी एंडिंग देकर मेकर्स ने फैंस को भी खुश कर दिया। इस दौरान फैंस जिन सवालों का बेसब्री से जवाब ढूंढ रहे थे, वो भी उन्हें मिल गया। आखिरी एपिसोड की शुरुआत पेरिस से होती है, जहां बेली और कॉनराड की अंजाने में मुलाकात होती है।



# डेमन स्लेयर ने पार किया 50 करोड़ का आंकड़ा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहीरो वाली फिल्मों को देखने वाला एक बड़ा दर्शक वर्ग भारत में मौजूद है। साथ ही जापानी एनिमे सीरीज, फिल्मों की फैन फॉलोइंग भी अच्छी-खासी है। हाल ही में रिलीज हुई जापानी एनिमे फिल्म 'डेमन स्लेयर' को भारत में अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 50.87 करोड़ रुपएहो चुका है। एनिमे फिल्म डेमन स्लेयर का रिलीज से पहले कोई प्रमोशन नहीं हुआ। लेकिन, एनिमे फिल्म देखने वालों में सबसे बड़ा दर्शक वर्ग जेन जी है। इस पीढ़ी के बीच एनिमे फिल्म जॉनर काफी पॉपुलर है। इसी ऑडियंस की वजह से फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों में कमाई कर रही है। डेमन स्लेयर एक एनिमे जॉनर में बनी है। इसमें गजब का एक्शन, फाइट सीन्स दर्शकों को रोमांचित करते हैं। सोशल मीडिया पर भी इस फिल्म की खूब चर्चा है।



# सफेद ड्रेस में शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

**मुंबई।** शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'से ओटीटी की दुनिया में बतौर निर्देशक एंट्री कर रहे हैं। उनका पहला शो द बैड्स ऑफ बॉलीवुड गुरुवार से स्ट्रीम हो रहा है। इससे पहले शो की स्क्रीनिंग रखी गई, जिसमें बॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने शिरकत की। इस दौरान अभिनेत्री आलिया भट्ट भी पति व अभिनेता रणबीर कपूर के साथ इस कार्यक्रम में पहुंचीं। इवेंट में जाने से पहले आलिया ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं। अब इन तस्वीरों पर दीपिका पादुकोण के कमेंट ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। आलिया 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की स्क्रीनिंग में सफेद रंग की रिवीलिंग कट-आउट ड्रेस पहनकर पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने साथ में एक मैचिंग का शानदार हैंडबैग भी पकड़ा था।



# सनी संस्कारी... से परफेक्ट गाना रिलीज...

**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अपनी नई फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। गुरुवार को फिल्म का एक नया गाना 'परफेक्ट' रिलीज किया गया है। इस गाने में पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा भी नजर आ रहे हैं। इस गाने को गुरु रंधावा ने गाया है। इसका संगीत और बोल गुरु, गिल मछराई और रोनी अजंली ने बनाए हैं। दिलमान ने इसे प्रोड्यूस किया है। परफेक्ट गाने में जान्हवी का हॉट लुक और वरुण का धमाकेदार डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसका लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन और जान्हवी कपूर के अलावा रोहित सराफ, सान्या मल्होत्रा और मनीष पॉल ने भी अहम भूमिका निभाई है।

## टीवी मसाला



# दिव्यांग आईएएस ऑफिसर की बात सुन भावुक हुए अमिताभ

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन होस्टेड टीवी का फेमस क्विज रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' इन दिनों काफी सुर्खियों में बना हुआ है। केबीसी के सीजन 17 ने भी अब तक कई कंटेस्टेंट को मालामाल बना दिया है। इसी बीच अब शो का लेटेस्ट एपिसोड काफी चर्चा में बना हुआ। फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड जीतकर हॉट सीट पर दृष्टिबाधित कंटेस्टेंट आयुषी हॉट सीट पर पहुंचीं। अमिताभ ने पूरी गर्मजोशी के साथ आयुषी का स्वागत किया। इस दौरान आयुषी ने कुछ ऐसा कहा जिसे सुनने के बाद शो को होस्ट यानी बिग बी को भी भावुक कर दिया। आयुषी ने अमिताभ बच्चन को केबीसी से अपने गहरे जुड़ाव के बारे में बताते हुए कहा कि उनकी फैमिली उन्हें हमेशा सेट के बारे में बताती थी कि वो कैसा दिखता है। आयुषी ने कहा, 'जब से यह शो शुरू हुआ है, मेरा पूरा परिवार इसे देखता है और मुझे बताता है कि सेट कैसा दिखता है, लाइटिंग कैसी होती है, और आप हर कंटेस्टेंट को कैसे सहज महसूस कराते हैं। मैं अभी बहुत सहज महसूस कर रही हूं। यह शो मेरे लिए एक एहसास है।' आयुषी ने आगे बताया कि भले ही अपनी आंखों से अमिताभ बच्चन को पर्सनली नहीं देख सकती हैं, लेकिन उन्हें हमेशा बिग बी के आकर्षक रूप और आकर्षक व्यक्तित्व के बारे में बताया जाता रहा है। आयुषी ने कहा, 'लोग अक्सर मुझे आपके बारे में बताते हैं, आप कितने लंबे हैं, आपके आकर्षक चेहरे-मोहरे और आप कितने सुंदर दिखते हैं।' आयुषी की बातें सुनकर अमिताभ बच्चन बेहद प्रभावित और भावुक हो उठे। उन्होंने कहा,'हम बहुत भाग्यशाली हैं कि आप आज हमारे साथ हैं।'

## अनुपमा और तुलसी में फिर छिड़ी टीआरपी की जंग

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का पॉपुलर शो अनुपमा लगातार तीसरे हफ्ते नंबर वन बना हुआ है। शो को इस बार 2.4 की टीआरपी मिली है। लीड



किरदार अनुपमा की जिंदगी के उतार-चढ़ाव और पारिवारिक संघर्ष ने दर्शकों को बांधे रखा है। रुपाली गांगुली के दमदार अभिनय और कहानी में लगातार आ रहे ट्विस्ट और टर्न्स की वजह से ये शो हर हफ्ते दर्शकों की पहली पसंद बना हुआ है। अनुपमा के बाद स्मृति ईरानी का चर्चित शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' दूसरे नंबर पर रहा। बीते हफ्ते टीआरपी में थोड़ा पिछड़ने के बाद इस बार शो ने 2.0 की रेटिंग हासिल की है। पुराने दर्शकों की नॉस्टैल्जिक फीलिंग्स और नई पीढ़ी के लिए मॉडर्न ट्विस्ट इस शो को फिर से लोकप्रिय बना रहे हैं। तीसरे नंबर पर भी स्टार प्लस का ही सुपरहिट शो ये रिश्ता क्या कहलाता है रहा।

# हॉलीवुड स्टार को बॉलीवुड से 530 करोड़ का ऑफर

**मुंबई।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी से जुड़ी एक खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि वो बॉलीवुड में डेब्यू कर सकती हैं। दिलचस्प बात ये है कि उन्हें इस फिल्म के लिए 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की फीस ऑफर की गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की एक प्रोडक्शन कंपनी सिडनी स्वीनी की इंटरनेशनल इमेज का इस्तेमाल करना चाहती है। इसीलिए उन्हें एक फिल्म के लिए 45 मिलियन पाउंड यानी 530 करोड़ रुपए का ऑफर दिया गया है। इसमें 415 करोड़ रुपए फीस के तौर पर और 115 करोड़ रुपए की स्पॉन्सरशिप डील शामिल है। हालांकि, अभी तक सिडनी ने इस ऑफर को एक्सेप्ट किया है या नहीं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पर कहा जा रहा है कि इतना बड़ा ऑफर अमाउंट देखकर वो खुद काफी हैरान हैं।



### सबसे महंगी इंडियन फिल्म

ये भारत की अब तक की सबसे महंगी फिल्म होगी। सिडनी एक अमेरिकन स्टार का किरदार निभाएंगी, जिसे एक इंडियन सेलिब्रिटी से प्यार हो जाता है। शूटिंग के बारे में कहा जा रहा है कि ये साल 2026 में शुरू होगी। लंदन, दुबई, न्यूयॉर्क और पेरिस में इसे फिल्माया जाएगा।

### कौन हैं सिडनी स्वीनी?

वो अमेरिकन एक्ट्रेस हैं। उनका पूरा नाम सिडनी स्वीनी है। 12 सितंबर 1997 को जन्मीं सिडनी 28 साल की हैं। उत्साह ड्रामा सीरीज से उन्हें पहचान मिली। 2019 में वो 'वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड' में नजर आई थीं। फिर 'एनिवन बट यू' में देखा गया। 2024 में वो सुपरहीरो फिल्म मैडम वेब में नजर आई थीं।

# बॉलीवुड के वो स्टार्स जिनका पाक में हुआ जन्म

## भारत में आने के बाद फिर फिल्मों में मचाया तहलका

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई ऐसे एक्टर्स थे और हैं जिनका जन्म पाकिस्तान में हुआ था। हालांकि जब वे भारत शिफ्ट हुए और फिल्मों में काम किया तो लोगों का खूब दिल जीता है।

**राज कपूर** : बॉलीवुड के शोमैन से पॉपुलर राज कपूर का जन्म सृष्टि नाथ कपूर के रूप में 14 दिसंबर 1924 को कपूर हवेली में हुआ था, जो ब्रिटिश भारत के पेशावर के किस्सा ख्वानी बाजार मोहल्ले में उनके दादा का निवास था। उनके पैरेंट्स पृथ्वीराज कपूर और रामसरणी देवी कपूर थे।

**सुनील दत्त** : सुनील दत्त का जन्म पाकिस्तान में हुआ था। वह ब्रिटिश भारत के पंजाब प्रांत के झेलम जिले के नक्का खुर्द से थे। उनका जन्म के समय का नाम बलराज दत्त था।

**दिलीप कुमार** : बॉलीवुड के ट्रेजेडी किंग के रूप में मशहूर दिलीप कुमार का जन्म 1922 में पेशावर में मोहम्मद यूसुफ खान के रूप में हुआ था। उन्हें भारत के तीसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण



और पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार निशान-ए-इम्तियाज से सम्मानित किया गया था।

**अमरीश पुरी** : अमरीश पुरी बॉलीवुड के पॉपुलर विलेन में से एक थे। अमरीश का जन्म नवांशहर, पंजाब (अब पाकिस्तान में) में एक पंजाबी हिंदू परिवार में लाला निहाल चंद और वेद कौर के घर हुआ था।

**सुरेश ओबेरॉय** : सुरेश ओबेरॉय का जन्म 17 दिसंबर 1946 को क्वेटा, तत्कालीन ब्रिटिश राज के बलूचिस्तान प्रांत (वर्तमान में बलूचिस्तान, पाकिस्तान) में आनंद सरूप ओबेरॉय और करतार देवी के घर हुआ था। पार्टिशन के बाद उनका परिवार 4 भाइयोंऔर बहनों के साथ इंडिया शिफ्ट हो गया था और हैदराबाद रहने लगे थे।

**शेखर कपूर**: फिल्ममेकर शेखर कपूर का जन्म पाकिस्तान, लाहौर में हुआ था। उनकी पॉपुलर फिल्मों में से एक हैं मिस्टर इंडिया, मासूम और बैंडिट क्वीन।

**गुलजार** : राइटर गुलजार का जन्म ब्रिटिश भारत के झेलम जिले के दीना में एक सिख परिवार में संपूर्ण सिंह कालरा, माखन सिंह कालरा और सुजान कौर के घर हुआ था।

## ओटीटी और थिएटर में चलेगा कोर्टरूम ड्रामा, ऑडियंस नहीं होगी बोर

# ओटीटी-थियटर पर इस सप्ताह रिलीज होंगी ये सीरीज और फिल्में

*नई दिल्ली। शुक्रवार का दिन एक्टर से लेकर फिल्ममेकर्स तक के लिए बेहद इम्पोर्टेंट होता है, क्योंकि इस दिन कई बड़ी फिल्में और सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और थिएटर्स में हर हफ्ते रिलीज होती हैं। सितंबर का तीसरा शुक्रवार तो दर्शकों के लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते जो फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं, उसमें कॉमेडी से लेकर सस्पेंस और क्राइम हर फ्लेवर ऑडियंस को मिलने वाला है।*

**जॉली एलएलबी -3** : 19 सितंबर शुक्रवार को रिलीज होने वाली फिल्मों में सबसे पहला नाम अक्षय कुमार-अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म जॉली एलएलबी 3 है। इस फिल्म में डबल ट्रबल होगा, क्योंकि इस बार अरशद-अक्षय मिलकर जज त्रिपाठी की नाक में दम करेंगे। ये फिल्म थिएटर में रिलीज होगी।

**द ट्रायल सीजन-2** : काजोल एक बार फिर से लीगल कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'द ट्रायल सीजन-2' में नोयोनिका सेनगुप्ता का किरदार निभाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। वह इस सीजन में अपने पति की हरकतों की वजह से कानूनी रूप से कई और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। राजीव पॉलिटिक्स में वापसी करना चाहता है, जिसके लिए वह अपनी पत्नी नोयोनिका से मदद मांगता है। अब नोयोनिका उसकी मदद करेगी या नहीं, इसके लिए तो आपको ये सीरीज 19 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर देखनी होगी।




**टू मैन** : ये एक मलयालम साइकोलॉजिकल थ्रिलर मूवी है, जिसमें निषाद, डॉनी डार्विन, इरशाद अली ने मुख्य भूमिका निभाई है। टू मैन 2 ऐसे अलग लोगों की कहानी है, जिनकी जिंदगी के अलग-अलग मकसद हैं। फिल्म की पूरी कहानी 24 घंटे के समय में गढ़ी गई है। ये फिल्म आप मनोरमामैक्स पर देख सकते हैं।

**हाउसमेट्स** : हाउसमेट्स एक तमिल हॉरर कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें दर्शन, काली वेंकट, विनोधिनी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 1 अगस्त 2025 में रिलीज हुई ये फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की कहानी नए नवेले शादीशुदा कपल कार्तिक और अनु की है, जो अपने सपनों के घर में शिफ्ट होते हैं, लेकिन उनकी खुशी तब डर में बदल जाती है, जब उनके सामने अजीबो-गरीब चीजें होती हैं। इस फिल्म को आप जी 5 पर देख सकते हैं।

**अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ योगी** : अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ योगी भी रिलीज के लिए तैयार है। ये फिल्म उत्तर प्रदेश के सीएम आदित्यनाथ योगी की लाइफ पर बेस्ड फिल्म है। मूवी का निर्देशन रवींद्र गौतम ने किया है। फिल्म की कहानी शांतनु गुप्ता की किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' से इंस्पायर है। मूवी को आप 19 सितंबर को थिएटर में देख सकते हैं।

***शी सैड मे बी*** *: जर्मन रॉम-कॉम फिल्म की कहानी एक यंग वुमन मावी की है, जिसकी नॉर्मल सी लाइफ में उथल-पुथल तब मचती है, जब उसे ये पता चलता है कि वह तुर्किये के एक समृद्ध परिवार से ताल्लुक रखती है। अब अपने प्यार और नए परिवार की जिम्मेदारी के बीच वह कैसे अपनी लाइफ को बैलेंस करेगी, कहानी इस बारे में है। इस कॉमेडी मूवी को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।*

***स्वाइप्ड*** *: इस बायोग्राफिकल फिल्म की कहानी अमेरिकन एंटरप्रेन्योर व्हिटनी वोल्फ हेर्ड की है, जो बंबल का फॉदर है और टिंडर का को-फाउंडर है। उन्होंने अलग-अलग डेटिंग एप लॉन्च करके मेल डोमिनेटिंग टेक इंडस्ट्री में कदम रखा है। इस फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।*

***पुलिस-पुलिस*** *: इस कॉमेडी ड्रामा सीरीज की कहानी इंस्पेक्टर अर्जुन की है, जो एक चालाक अपराधी रवि को अपनी टीम में सीक्रेटली शामिल कर लेटा है। वह उससे मिलने वाली जानकारी से बड़े से बड़े क्राइम केस को सुलझा लेटा है। इस सीरीज में सेंथिल कुमार, जयसीलन थंगवेल और शबाना शाहजहां मुख्य भूमिका में हैं। इस सीरीज को भी आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।*

## खबर संक्षेप

### विहिप की नई कार्यकारिणी घोषित, विवेक बने नगर अध्यक्ष



**डोमनहिल/कोरिया कॉलरी।** 18 सितंबर को विश्व हिंदू परिषद की बैठक पोंड़ी जीएम कॉम्प्लेक्स परिसर में आयोजित की गई। विभाग मंत्री संदीप सोनी की अनुशंसा पर विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष आजाद सिंह द्वारा नगर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। घोषित पदाधिकारियों में नगर अध्यक्ष विवेक विश्वकर्मा, नगर मंत्री राजेश सिंह ,नगर उपाध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र सिंह, नगर उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता अधिवक्ता, पोंड़ी जीएम कॉम्प्लेक्स अध्यक्ष अमित चटर्जी, उपाध्यक्ष मनीष प्रसाद,उपाध्यक्ष अजय कुमार दूथकौरा रहे। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष आजाद सिंह ने कहा कि संगठन कोरिया जिला और एमसीबी जिले में घुसपैठियों की पहचान कर प्रशासन को सूचित करेगा, ताकि त्वरित कार्रवाई हो सके। उन्होंने जनसंख्या संतुलन बिगड़ने की समस्या पर चिंता जताते हुए जनता को सचेत रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लव जिहाद, लैंड जिहाद या अन्य साजिशों को रोकने के लिए आमजन को जागरूक करना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि फेरी लगाकर सामान बेचने वाले संदिग्ध व्यक्तियों से सामान न खरीदें और बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष विवेक विश्वकर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे मैं पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा।

### एसईसीएल कटकोना में पूजा अर्चना

**पटना।** प्रत्येक वर्ष की भॉंति इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर कटकोना के सब स्टेशन में भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापना कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई और पूजा अर्चना के बाद भंडारा का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। पूजा-अर्चना में एसईसीएल कटकोना के अधिकारी-कर्मचारी, श्रमिक व ग्रामीण काफी संख्या में शामिल हुए और पूजा-अर्चना किए। प्रतिमा का विसर्जन 18 सितंबर की शाम को किया गया।

### आयुष स्वास्थ्य शिविर में 1108 मरीज पहुंचे

**मनेन्द्रगढ़।** छग रजत महोत्सव हर दिन हर घर आयुर्वेद के परिपेक्ष्य में छग शासन द्वारा लोकहित में संचालनालय आयुष विभाग छत्तीसगढ़ के निदेर्शानुसार जिला आयुष अधिकारी मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ धन्वंतरि पूजन के साथ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, पार्षदगण जमील शाह, दयाशंकर यादव, ओम प्रकाश, सपन महतो, गिरधर जायसवाल, श्रीमती माया सोनकर, पप्पू हुसैन, मुकेश अग्रवाल, श्रीमती नीलू जायसवाल, श्रीमती सुनैना विश्वकर्मा एवं अन्य गणमान्यजन की उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि ने उक्त शिविर की अपार भीड़ को देखते हुए, उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि ऐसा शिविर मनेन्द्रगढ़ में बीच-बीच में होते रहना चाहिए, ताकि आम जनता को लाभ मिलता रहे। साथ ही स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ-कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती प्रतिमा यादव एवं पार्षद श्रीमती माया सोनकर, श्रीमती नीलू जायसवाल, श्रीमती सुनैना विश्वकर्मा द्वारा शिविर में आई महिलाओं श्रीमती अंजू अग्रवाल, श्रीमती कमला देवी जायसवाल, श्रीमती गुलाबा देवी को स्त्री आयुष वर्धक आयुर्वेदिक दवाई किट देकर की गई। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा, इसमें विभिन्न प्रकार के नारी स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम होंगे।

### विधिक सहायता की ली जानकारी

# डीजे और कलेक्टर ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



निरीक्षण करते डीजे व कलेक्टर।

राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं उच्चतम न्यायालय में सुकन्या संस्था विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य प्रकरण में पारित निर्णय के अनुपालन में शुक्रवार को जिला जेल बैकुंठपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष शैलेश कुमार तिवारी, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रतिक्षा अग्रवाल, डीएलएसए सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा तथा विजिटर बोर्ड के अन्य सदस्य शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाएं, विधिक सहायता, स्वास्थ्य सेवाएं, भोजन की गुणवत्ता एवं सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने कैदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और यह सुनिश्चित किया कि सभी को समय पर विधिक सेवाएं मिलें तथा किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर, बैरकों, शौचालयों एवं लीगल एड क्लीनिक का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से बंदियों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। विशेष रूप से यह पाया गया कि जिला जेल बैकुंठपुर में जातिगत या अन्य किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है। यह निरीक्षण उच्चतम न्यायालय के आदेश 3 अक्टूबर 2024 के दिशा-निर्देशों के पालन में किया गया। इसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं विजिटर बोर्ड द्वारा प्रत्येक तिमाही में जिला जेल का निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाता है।

# आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित खोलें कुपोषण मुक्त हो कोरिया



बैठक लेती कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में हमर स्वास्थ्य लइका कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अमले एवं सेक्टर सुपरवाइजरों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्र नियमित रूप से समय पर खुलें और बच्चों को नाश्ता एवं पौष्टिक भोजन अवश्य उपलब्ध कराया जाए। बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया। उन्होंने निर्देश दिए कि सेक्टर सुपरवाइजर नियमित निरीक्षण करें और बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने गर्भवती महिलाओं को कोरिया मोदक लड्डू वितरण नियमित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही गर्भवती महिलाओं की जांच भी नियमित रूप से करने को कहा गया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यदि ईमानदारी से महिलाओं और बच्चों की देखभाल करें, तो जिले को कुपोषण और एनीमिया से जल्द ही मुक्त किया जा सकता है। बैठक में यह भी तय किया गया कि तिरंगा थाली योजना के अंतर्गत बच्चों को नियमित रूप से संतुलित भोजन दिया जाए। आंगनबाड़ी केन्द्र साफ-सुथरे रखे जाएं और बच्चों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जाए। जिन केन्द्रों में विसंगतियां हैं, उन्हें चिन्हित कर शीघ्र सुधार के निर्देश दिए गए। बच्चों को दी जाने वाली सिरप और दवाइयां सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में उपलब्ध कराई जाएं। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों और मतभेदों को दरकिनार कर सभी को मिलकर कुपोषण मुक्त जिला अभियान को गति देनी होगी।

## विश्वविद्यालय स्तरीय प्री-आरडीसी में सुशील और मानसी का चयन





**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली के राष्टीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस परेड के लिए स्वयंसेवकों के चयन की प्रक्रिया अंतर्गत संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, सरगुजा अंबिकापुर द्वारा विश्वविद्यालय स्तरीय प्री-आरडीसी चयन कार्यक्रम शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के खेल मैदान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों से चयनित स्वयंसेवकों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय कार्यक्रम समन्वयक डॉ.एसएन पांडेय के संयोजन में गठित समिति द्वारा ऊंचाई माप, दौड़, परेड, कमांडिंग, सांस्कृतिक प्रस्तुति और साक्षात्कार के आधार पर चयन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से युवा अधिकारी डॉ. राजकुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। चयन प्रक्रिया में कोरिया जिले से सुशील कुमार शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर और एमसीबी जिले से कुमारी मानसी शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी का चयन हुआ है। चयनित स्वयंसेवक आगामी नवंबर में आयोजित जोन स्तरीय प्री-आरडीसी में शामिल होंगे। वहां से चयनित होने पर उन्हें 26 जनवरी 2026 को कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में आयोजित राष्टीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने का गौरव प्राप्त होगा।

## स्वास्थ्य शिविर: 642 मरीजों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



छग स्थापना वर्ष रजत जयंती के अवसर पर आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में स्वास्थ्य गुरुवार को पोड़ी बचरा बाजार में शिविर का आयोजन किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. एल्विना ग्रेस टोप्पो ने बताया कि आयोजित इस शिविर में विभिन्न चिकित्सा पद्धतियों से कुल 642 मरीजों ने लाभ लिया।

आयुर्वेद चिकित्सा से 469 मरीज, होम्योपैथी चिकित्सा से 85 मरीज, यूनानी चिकित्सा से 88 मरीज ने जांच कराया और दवाई भी प्राप्त की। इस दौरान शिविर की प्रमुख गतिविधियां में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत महिलाओं को योगाभ्यास कराया गया। महिलाओं एवं किशोरियों का बीपी, शुगर और एनीमिया परीक्षण किया गया। ऑस्टियो आर्थराइटिस और मस्कुलोस्केलेटन डिजीज, एनसीडी, सिकल सेल, मासिक धर्म स्वच्छता एवं पोषण आहार से संबंधित परामर्श दिया गया। इसके अलावा नशा मुक्ति अभियान और सुप्रजा कार्यक्रम पर जानकारी दी गई। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कुपोषण व योग-प्राणायाम पर आधारित पंपलेट का वितरण किया गया। जनसामान्य को आदि कर्मयोगी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विदित हो कि जिले के चिन्हित 154 जनजाति बहुल ग्रामों में निवासी जनजाति परिवारों को शासन की करीब 25 योजनाओं से लाभ दिलाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

## सेजस महलपारा की छात्रा ने बिखेरी चमक

**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के मुंगेली में 16 से 19 सितंबर तक आयोजित शालेय राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में सेजस महलपारा की कक्षा नवमी की छात्रा फरहीन खान (पिता वहीदुद्दीन खान) ने उम्दा खेल प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ फरहीन का चयन छग की अंडर-17 बालिका शतरंज टीम में हो गया है। फरहीन की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने खुशी जताते हुए बधाई दी। वहीं विद्यालय के प्राचार्य अभय शर्मा और जिला क्रीड़ा अधिकारी भूपेन्द्र पाल ने भी उनके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि इससे पहले संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में फरहीन ने प्रथम स्थान हासिल किया था। कोरिया जिला शतरंज संघ केअध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने कहा कि विगत दो वर्षों से संघ लगातार



खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर और प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है। अब इसका सकारात्मक परिणाम सामने आने लगा है। आने वाले वर्षों में जिले के और अधिक खिलाड़ी प्रदेश टीम में शामिल होंगे। फरहीन को इस सफलता पर शतरंज संघ से जुड़े शमीम, आशीष गुप्ता, योगेश गुप्ता, संवर्त कुमार रूप, आनंद तिवारी, अंजुम, शगुफ्ता खानम, राजीव जायसवाल और शेषरतन जायसवाल ने बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



समग्र शिक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करने और शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता के निर्देशन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिले की 12 शालाओं से लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी विविध कलाओं का मनमोहक प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में संगीत (गायन व वादन), नृत्य, नाटक, दृश्य कला (द्विआयामी एवं त्रिआयामी) तथा पारंपरिक कहानी वाचन जैसी विधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। नोडल अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह, व्याख्याता एलबी शासकीय उच्चतर माध्यमिक महलपारा ने सभी को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। निर्णायक मंडल में संगीत शिक्षिका प्रतिमा त्रिवेदी, व्याख्याता कन्या विद्यालय अनुराधा सोनपाकर, व्याख्याता सेजेस सोनहत सुमन पाण्डेय एवं सहायक शिक्षक सेजेस महलपारा अलीशा शेख शामिल रहीं। डीईओ कार्यालय से पूर्णिमा कुशवाहा कार्यक्रम सहायक के रूप में तथा जयनाथ बाजपई सहायक जिला परियोजना अधिकारी प्रतिनिधि के तौर पर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में एपीओ बृजराज गिरी, कार्यक्रम सहायक संतोष मिश्रा, प्राचार्य शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर अमृतलाल गुप्ता, प्राचार्य सेजेस बैकुंठपुर लाल मोहम्मद अंसारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन अलीशा शेख द्वारा किया गया।

## सेवा पखवाड़े का स्वास्थ्य मंत्री ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव को पूरे देश में सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पोड़ी स्थित मंगल भवन से स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े की औपचारिक शुरूआत की। कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने भगवान विश्वकर्मा और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सेवा ही संकल्प, राष्ट प्रथम ही प्रेरणा है। इस पखवाड़े में देशभर की महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और सेवाएं आगामी 2 अक्टूबर तक उपलब्ध रहेंगी। छग का स्वास्थ्य विभाग इस संकल्प को पूरा करने दिन-रात कार्य कर रहा है। सीएमएचओ डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आज से महिलाओं की जांच प्रारंभ हो गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीमें मौजूद रहेंगी। खासकर टीकाकरण और आयुष्मान कार्ड पंजीयन पर जोर दिया जा रहा है, ताकि किसी गरीब को इलाज में दिक्कत न हो। जिले के तीन बड़े अस्पतालों में सोनोग्राफी, सीजेरियन सुविधा और ब्लड स्टोरेज भी उपलब्ध है। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री ने बस्तर दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां की गर्भवती महिलाओं में खून की कमी और बच्चों में कुपोषण की समस्या है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी अपने जन्मदिवस पर महिलाओं से शत-प्रतिशत स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की है। कार्यक्रम में उपस्थितजन को स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े में योगदान देने की शपथ भी दिलाई गई तथा कई हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय, विशिष्ट अतिथि नगर निगम सभापति संतोष सिंह और भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले मंच पर उपस्थित रहे।

### सेवा पखवाड़ा अभियान निकली जागरुकता रैली

**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर की राष्टीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य स्थानीय जनसमुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। स्वच्छ भारत-स्वच्छ अनूपपुर विजन के तहत विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता को आदत के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्रो. सक्सेना ने कहा कि सेवा ही सर्वोच्च धर्म है और युवाओं को राष्ट निर्माण के लिए सेवा की भावना को आत्मसात करना चाहिए।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कॉलरी कर्मी के...

सफल खुलासा किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी राजेश साहू के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डे के नेतृत्व में की गई। इसमें उपनिरीक्षक अनिल सोनवानी, एएसआई बालकृष्ण राजवाड़े, प्रधान आरक्षक अमित त्रिपाठी सहित महिला व पुरूष आरक्षकों तथा सैनिकों की सक्रिय भूमिका रही।

### ट्रैक्टर और कार...

ड्यूटी के लिए निकला था, इसी दौरान शहर स्थित नजीर अजहर पेट्रोल पंप के पास जैसे ही पहुंचा तो सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर से जोरदार भिड़ंत हो गया। इस घटना में कार सवार अंदर फंस गया। पुलिस को सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली प्रभारी मौके पहुंचे और कार के अंदर फसे व्यक्ति को निकालने के लिए गैस कटर की सहायता से काटकर बाहर निकाला तथा तत्काल घायल को जिला अस्पताल बैकुंठपुर उपचार के लिए लिए ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल को मेडिकल अस्पताल अंबिकापुर रिफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार घायल व्यक्ति का बॉया हाथ बुरी तरह फैक्चर हो गया।

### सीएमडी से मिले...

रोजगार, व्यापार और शिक्षा के अवसरों तक आसानी से पहुंच मिल सकेगी। यह सड़क क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में अहम भूमिका निभाएगी। चर्चा के दौरान विधायक ने क्षेत्र की अन्य समस्याओं एवं विकास संबंधी विषयों को भी उठाया और उम्मीद जताई कि एसईसीएल प्रबंधन स्थानीय जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए इन मांगों पर शीघ्र ही सकारात्मक कदम उठाएगा। सीएमडी हरीश दुहन ने विधायक की मांगों को गंभीरता से सुना और कहा कि एसईसीएल सदैव स्थानीय विकास एवं सामाजिक जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से जुड़ी मांगों पर कंपनी स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी।

### राज्यपाल पुरस्कार से...

तरह के स्वादिष्ट भोजन प्रदान किया गया। इस अवसर पर विनय मोहन भट्ट एमआईएस प्रशासक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोरिया, रविकांत मिश्रा प्राचार्य सेजेस सोनहत, एएल गुप्ता, प्राचार्य शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर, एपीओं समग्र शिक्षा कुंजराज गिरी सहित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं न्यौता भोज कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया।







